# उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वाररोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :***ukmssbdun@gmail.com***; Website : ***www.ukmssb.org***, Phone: **0135 2665366**

विज्ञप्ति संख्याः 33/2026 दिनांकः 28 जुलाई, 2026

## –:फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) श्रम विभाग परीक्षा– 2024:–

**राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवाएं, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) के रिक्त 62 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम सम्बन्धी सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/09/2024–25/738, **दिनांकः 19 नवम्बर, 2025** के माध्यम से कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवाएं, उत्तराखण्ड में समूह 'ग' के अन्तर्गत फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) के रिक्त 62 पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके क्रम में फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) के रिक्त 62 पदों पर सीधी भर्ती हेतु **दिनांक 22 मार्च, 2026 (रविवार) समय प्रातः 11.00 से अपरान्ह् 01.00 बजे** तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) श्रम विभाग परीक्षा– 2024 हेतु प्रकाशित विज्ञापन एवं सेवा नियमावली के मानकों के आधार पर फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) की लिखित परीक्षा में श्रेष्ठता क्रम में आये अभ्यर्थियों के अंक तथा अभिलेख सत्यापन के आधार पर अंतिम श्रेष्ठता सूची (मैरिट लिस्ट) तैयार की गई। अंतिम श्रेष्ठता सूची में उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षणों को लागू करते हुए फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) के रिक्त **62** पदों पर अन्तिम परीक्षा परिणाम तथा अंतिम रुप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से प्रसारित कर दिया गया है।

ह0/–
(प्रदीप जोशी),
सचिव
उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड,
देहरादून।